www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:17 बजे
सूर्यास्त शाम 6:04 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

साल-1 • अंक-350 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 24, अगस्त 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

न्यूज ब्रीफ

बंगाल की खाड़ी में डूबा मालवाहक जहाज

बंगाल| पनामा ध्वज वाला एक मालवाहक जहाज कल बंगाल की खाड़ी में डूब गया। इसमें चीनी नागरिकों सहित चालक दल के 24 सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा तट से लगभग 240 समुद्री मील दूर ये दुर्घटना हुई। जहाज, एमवी ओशन विनर के चालक दल में चीन के 20, म्यांमार के तीन और एक बांग्लादेशी नागरिक था।

सैन्य उड़ान अभ्यासों में भारत ने लिया हिस्सा

नई दिल्ली| भारतीय वायु सेना ने हाल ही में दो अंतरराष्ट्रीय सैन्य उड़ान अभ्यासों में सफलतापूर्वक भाग लिया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया में आयोजित पिच ब्लैक 2026 और मलेशिया में आयोजित उदार-शक्ति 2026 अभ्यास शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन अभ्यासों से भारतीय वायु सेना ने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रक्षा साझेदारी और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

पूर्वी जापान में 5.9 तीव्रता का आया भूकंप

बीजिंग | आज सुबह तोकियो सहित पूर्वी जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। मौसम एजेंसी के अनुसार सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप का केंद्र दक्षिणी इबाराकी प्रांत में 70 किलोमीटर की गहराई पर था। किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप से पानी की पाइपें फट गईं और कुछ इलाक़ों में यातायात सेवा पर असर पड़ा है। जापान दुनिया के सबसे भूकंप-संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है।

सिटीजन रिपोर्टर

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8699221114 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

पंजाब में नदियों में बाहर से आने वाले प्रदूषण पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

सतलुज प्रदूषण पर एफआईआर दर्ज

विधायक दिनेश चड्ढा की शिकायत पर सिटी रोपड़ पुलिस की कार्रवाई

समर न्यूज़ | रूपनगर

सतलुज नदी में कथित तौर पर केमिकल युक्त औद्योगिक कचरा पहुंचने के मामले में सिटी रोपड़ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला रूपनगर से आम आदमी पार्टी के विधायक दिनेश चड्ढा की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हिमाचल प्रदेश के बद्दी-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाला प्रदूषित पानी सिरसा नदी के जरिए सतलुज तक पहुंच रहा है।

पुलिस ने हिमाचल के बद्दी-नालागढ़ क्षेत्र की अज्ञात औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 270, 271, 279 और 280 के साथ जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम की धाराओं 24 और 43 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। एफआईआर में किसी विशेष व्यक्ति का नाम शामिल नहीं किया गया है। संदिग्ध आरोपियों का उल्लेख सामान्य रूप से बद्दी और नालागढ़ क्षेत्र की फैक्ट्रियों से जुड़े व्यक्तियों के रूप में किया गया है।

विधायक दिनेश चड्ढा ने आरोप लगाया कि रूपनगर हेडवर्क्स के पास सतलुज में बड़ी मात्रा में केमिकल आधारित कचरा जमा हुआ है। उनका कहना है कि इसका स्रोत हिमाचल प्रदेश का बद्दी-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि प्रदूषण से पेयजल आपूर्ति, जलीय जीवों और रूपनगर के लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। इधर, पर्यावरणविद कर्नल (सेवानिवृत्त) जसजीत सिंह गिल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ इस मुद्दे पर तत्काल बैठक करने की मांग की है। उन्होंने पंजाब सरकार से यह भी कहा है कि हिमाचल से पंजाब में प्रवेश करने वाले प्रमुख जल स्रोतों पर रियल-टाइम प्रदूषण मॉनिटरिंग सेंसर लगाए जाएं, विशेषकर घनौली क्षेत्र में जहां सिरसा नदी पंजाब में प्रवेश करती है। पर्यावरण संबंधी अध्ययनों में भी सिरसा नदी में फार्मास्यूटिकल कंपाउंड्स, भारी धातुओं और अन्य औद्योगिक प्रदूषकों की मौजूदगी को लेकर चिंता जताई गई है। अब पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों की जांच से यह स्पष्ट होगा कि प्रदूषण के वास्तविक स्रोत कौन से हैं और जिम्मेदारी किसकी बनती है।

पंजाब में तीन साल से लंबित 565 मामलों पर हाईकोर्ट सख्त, जिलों से मांगा रिकॉर्ड

■ अमृतसर देहाती में 1,168 आरोपी अब भी गिरफ्त से बाहर; 80 मामलों की जांच फाइलें गायब, डीजीपी को हर सोमवार समीक्षा के निर्देश

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में आपराधिक मामलों की जांच में लंबी देरी को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य के सभी एसएसपी और पुलिस कमिश्नरों को तीन साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक मामलों का पूरा विवरण पेश करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पंजाब के डीजीपी को हर सोमवार सभी जिला पुलिस प्रमुखों के साथ वर्चुअल बैठक कर लंबित जांचों की समीक्षा करने को कहा गया है।

मामला जस्टिस एन.एस. शेखावत की अदालत में जसमाल सिंह उर्फ घोघा उर्फ सोनू की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। अदालत ने पहले अमृतसर देहाती के थाना कंबोज में सितंबर 2023 में दर्ज हत्या के एक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी में दो साल से अधिक की देरी पर सवाल उठाए थे। इसके बाद हाई कोर्ट ने अमृतसर देहाती जिले में तीन साल से अधिक समय से लंबित सभी जांचों का ब्यौरा मांगा। एसएसपी की ओर से दाखिल हलफनामे के अनुसार जिले के विभिन्न थानों में 565 एफआईआरकी जांच तीन साल से ज्यादा समय से लंबित है। आंकड़ों के मुताबिक इन मामलों में 1,219 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 105 व्यक्तियों को निर्दोष पाया गया। वहीं 1,168 आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इनमें से केवल 48 आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया गया है। हाई कोर्ट ने इस स्थिति पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमृतसर देहाती पुलिस जिले में निगरानी व्यवस्था बेहद कमजोर नजर आती है। अदालत ने यह भी कहा कि लंबे समय से लंबित मामलों की राज्य स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी हो रही है।

■ 80 मामलों की जांच फाइलें गायब

अदालत के सामने पेश रिकॉर्ड में यह भी सामने आया कि 80 मामलों की जांच फाइलें उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा लंबे समय से फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी नगण्य पाई गई।

हाई कोर्ट ने निर्देश दिया कि यदि फरार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है तो उन्हें कानून के अनुसार भगोड़ा घोषित किया जाए और उनकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। जरूरत पड़ने पर आगे संपत्ति की नीलामी की कार्रवाई भी की जा सकती है।

■अजनाला थाने में 109 वाहन लंबे समय से पड़े

अदालत ने अजनाला थाने में करीब 109 जब्त, बरामद या लावारिस वाहनों के लंबे समय से पड़े रहने का भी संज्ञान लिया।

रिपोर्ट के अनुसार थाने में चार्ज सौंपने और लेने की प्रक्रिया में भी लापरवाही सामने आई। अब हाई कोर्ट ने पंजाब के सभी जिलों से तीन साल से अधिक समय से लंबित मामलों का विस्तृत रिकॉर्ड मांगा है। इसमें जांच में देरी का कारण, आरोपियों की स्थिति, गिरफ्तारी, भगोड़ा घोषित करने की कार्रवाई, संपत्ति कुर्की और गायब जांच फाइलों की जानकारी शामिल होगी।

अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को बोर्डिंग पास पर नहीं लगवानी होगी इमिग्रेशन की मुहर

ई-बोर्डिंग पास मोबाइल पर दिखाना होगा पर्याप्त, कागजी बोर्डिंग पास भी बिना स्टांप के होंगे मान्य

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत से विदेश जाने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 1 सितंबर से यात्रा प्रक्रिया और आसान होने जा रही है। अब यात्रियों को अपने बोर्डिंग पास पर इमिग्रेशन अथॉरिटी की मुहर लगवाने की जरूरत नहीं होगी।

गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने यात्रियों की सुविधा के लिए यह बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत विदेश जाने वाले यात्री इमिग्रेशन प्रक्रिया के दौरान अपने स्मार्टफोन पर ई-बोर्डिंग पास दिखा सकेंगे।

कागजी बोर्डिंग पास भी स्वीकार किए जाएंगे, लेकिन उन पर मुहर लगवाना जरूरी नहीं होगा। पहले यात्रियों को बोर्डिंग पास पर स्टांप लगवाने के लिए कई बार लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था।

इसके अलावा कई मामलों में गलत तरीके से लगी मुहर के कारण बोर्डिंग पास पढ़ने में भी दिक्कत आती थी। इसी को देखते हुए देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के इमिग्रेशन काउंटरों पर स्टांप की अनिवार्यता समाप्त करने का फैसला लिया गया है। नई व्यवस्था 1 सितंबर से लागू होगी और इससे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का समय बचने के साथ इमिग्रेशन प्रक्रिया भी अधिक सुगम होने की उम्मीद है।

चंडीगढ़ में आईईडी और हथियार बरामद, तीन लोग हिरासत में

चंडीगढ़| चंडीगढ़ पुलिस ने संदिग्ध आईईडी और हथियार से जुड़े एक मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मामले में थाना-36, चंडीगढ़ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों के कब्जे से एक संदिग्ध आईईडी और अन्य सामग्री बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में चंडीगढ़ में किसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की संभावित योजना के संकेत मिले हैं। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच अभी जारी है और सभी तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। चंडीगढ़ पुलिस ने लोगों से किसी तरह की अफवाह या घबराहट से बचने की अपील की है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पुलिस आवश्यक एहतियाती एवं सुरक्षा कदम उठा रही है।

आसफवाला युद्ध स्मारक में 'राखी सरहद के नाम'

800 जवानों को बांधी गईं राखियां, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया रहे मुख्य अतिथि

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

रक्षाबंधन के अवसर पर सैन्य-नागरिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से आसफवाला युद्ध स्मारक, फाजिल्का में 'राखी सरहद के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। आसफवाला युद्ध स्मारक समिति ने भारतीय सेना के समन्वय से इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। लेफ्टिनेंट जनरल शमशेर सिंह विर्क, जीओसी 10 कोर सहित कई वरिष्ठ सैन्य और नागरिक अधिकारी भी मौजूद रहे।आसपास के गांवों की महिलाओं और स्थानीय विद्यालयों की करीब 1,000 छात्राओं ने लगभग 800 सेना के जवानों की कलाई पर राखियां बांधीं। इस दौरान महिलाओं और छात्राओं ने देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात सैनिकों के प्रति स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। आयोजकों ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सशस्त्र बलों और सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के बीच मौजूद विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करना था।

'एक राखी, एक बंधन, एक राष्ट्र' की भावना के साथ आयोजित कार्यक्रम में सैनिकों और स्थानीय लोगों के बीच भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि सीमा पर तैनात जवान और देशवासी एक ही राष्ट्रीय परिवार का हिस्सा हैं। रक्षाबंधन के इस आयोजन ने फाजिल्का क्षेत्र में सैन्य-नागरिक सौहार्द और आपसी विश्वास की भावना को और मजबूत किया।

पुलिस चौकी ग्रेनेड हमला: फरार आरोपी जगजीत सिंह पर एनआईए ने कसा शिकंजा

एजेंसी | नवांशहर

शहीद भगत सिंह नगर जिले के आसरोन में पुलिस चौकी पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने फरार आरोपी जगजीत सिंह उर्फ हरी सिंह के खिलाफ जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने आरोपी से जुड़ी अहम जानकारी हासिल करने के लिए यूनाइटेड किंगडम को कानूनी सहायता अनुरोध भेजा है। अमेरिका को भी इसी तरह का अनुरोध भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

मोहाली स्थित विशेष NIA अदालत ने एजेंसी की मांग पर जांच की अवधि 90 दिन बढ़ाने की अनुमति दी है। यह मंजूरी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 193(9) के तहत दी गई है।

मामला 2 दिसंबर 2024 का है, जब थाना काठगढ़ के अंतर्गत आने वाली आसरोन पुलिस चौकी पर पुलिसकर्मियों को निशाना बनाने की मंशा से ग्रेनेड जैसी वस्तु फेंकी गई थी।

जांच में फरार जगजीत सिंह उर्फ हरी सिंह के साथ नामित आतंकी रंजीत सिंह उर्फ नीटा और विदेश में बैठे दो अन्य सहयोगियों की भूमिका सामने आने का दावा किया गया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और उनके खिलाफ 1 दिसंबर 2025 को आरोप तय किए गए थे।

NIA को चंडीगढ़ स्थित CFSL की रिपोर्ट भी मिल चुकी है। एजेंसी का कहना है कि विदेशों से मांगी गई जानकारी और अन्य फॉरेंसिक रिपोर्ट मिलने के बाद फरार आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।

प्रमुख फूड ब्रांड्स को एफएसएसएआई के 150 नोटिस

भ्रामक विज्ञापन और लेबलिंग नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई; अमेजन-फ्लिपकार्ट को 12 नोटिस

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा, विज्ञापन और लेबलिंग से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने पर हाल के महीनों में कई प्रमुख फूड ब्रांड्स, रिटेल और ई-कॉमर्स कंपनियों को करीब 150 नोटिस जारी किए हैं।

इन कंपनियों में नेस्ले इंडिया, पेप्सिको, कोका-कोला इंडिया, डैनोन इंडिया, मॉन्डेलेज इंडिया, फेरेरो इंडिया, रेड बुल इंडिया, मॉन्स्टर एनर्जी और अन्य बड़े ब्रांड्स शामिल हैं। नोटिस भ्रामक विज्ञापनों, उत्पादों के बारे में कथित गलत या अधूरे दावों तथा लेबलिंग नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में जारी किए गए हैं।

FSSAI ने ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट को भी कुल 12 नोटिस भेजे हैं। इसके अलावा अमेजन के एक वेयरहाउस का लाइसेंस रद्द किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

फूड सर्विस क्षेत्र में KFC, मैकडॉनल्ड्स, पिज्जा हट, डोमिनोज और कोस्टा कॉफी जैसे ब्रांड्स को 30 से अधिक नोटिस जारी किए गए हैं। डोमिनोज के पांच लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। FSSAI के मुताबिक, नोटिस मिलने के बाद कई कंपनियों ने सुधारात्मक कदम उठाने शुरू किए हैं। नियामक संस्था लगातार यह जांच कर रही है कि खाद्य उत्पादों के विज्ञापन, पैकेजिंग और लेबल पर किए गए दावे नियमों के अनुरूप हैं या नहीं। भ्रामक विज्ञापन वह माना जाता है जिसमें किसी उत्पाद की गुणवत्ता, सामग्री या स्वास्थ्य लाभ को लेकर गलत, अधूरी या गुमराह करने वाली जानकारी दी जाए। ऐसे दावों के पीछे वैज्ञानिक प्रमाण होना जरूरी है। FSSAI ने संकेत दिया है कि नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर आगे भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

पेज 1 एंकर स्टोरी वर्चुअल फिजिक्स लैब और सरल शिक्षण पद्धति ने दिलाई राष्ट्रीय पहचान

पटियाला के सरकारी स्कूल शिक्षक को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

समर न्यूज़ | पटियाला

पटियाला के सरकारी विक्टोरिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के भौतिकी शिक्षक डॉ. दिनेश कुमार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए चुना गया है। वह इस वर्ष पंजाब से इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित होने वाले एकमात्र शिक्षक हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में उन्हें सम्मानित करेंगी।

करीब 25 वर्षों से सरकारी सेवा में कार्यरत दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के लिए भौतिकी को आसान बनाने पर विशेष जोर दिया। उनका मानना है कि कक्षा में कोई विद्यार्थी 'पीछे' नहीं होना चाहिए। इसी सोच के तहत वह कठिन वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल उदाहरणों, प्रयोगशाला आधारित गतिविधियों और तकनीक के माध्यम से समझाते हैं। उनकी इस पद्धति ने विद्यार्थियों में भौतिकी के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद की है।

दिनेश कुमार की प्रमुख उपलब्धियों में बिना किसी अतिरिक्त खर्च के तैयार की गई वर्चुअल फिजिक्स लैब शामिल है। उन्होंने 2021-22 के दौरान यह डिजिटल प्रयोगशाला तैयार की, ताकि प्रयोगशाला में उपकरणों की कमी या खराब उपकरणों के कारण विद्यार्थियों की प्रायोगिक पढ़ाई प्रभावित न हो। इसमें विद्यार्थी कंप्यूटर पर विभिन्न प्रयोगों का अभ्यास कर सकते हैं और उपकरणों के इस्तेमाल, गणना, अवलोकन तथा आंकड़े दर्ज करने की प्रक्रिया को समझ सकते हैं।

उन्होंने भौतिकी के कठिन विषयों को रोजमर्रा के उदाहरणों से समझाने के लिए 100 से अधिक शिक्षण सहायक सामग्री भी विकसित की है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनके करीब 40 शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि में भौतिकी के साथ कंप्यूटर विज्ञान की पढ़ाई भी शामिल है, जिसने डिजिटल शिक्षण सामग्री विकसित करने में उनकी मदद की।

पंजाब के शिक्षकों के लिए गौरव

राष्ट्रीय स्तर पर चयन के बाद पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने दिनेश कुमार को बधाई देते हुए उन्हें राज्य के शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल शिक्षक की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पंजाब के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की मेहनत और नवाचार को भी राष्ट्रीय पहचान देता है। दिनेश कुमार ने पुरस्कार के लिए चयन को अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहा है कि हर विद्यार्थी भौतिकी को समझे और उसमें रुचि ले। विद्यार्थियों के अनुसार वह कक्षा के अलावा जरूरत पड़ने पर भी उनकी समस्याएं सुनते और विषय को दोबारा समझाने के लिए तैयार रहते हैं। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए उनका चयन सरकारी स्कूलों में तकनीक आधारित और प्रयोगात्मक शिक्षा की संभावनाओं को भी रेखांकित करता है।

ब्रिटेन के सांसदों का संयुक्त राष्ट्र से पीओके में हस्तक्षेप का आह्वान

एजेंसी | न्यूयार्क

ब्रिटेन के 70 से अधिक सांसदों ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरस को पत्र लिखकर पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर-पीओजेके में बिगड़ती स्थिति पर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उन्होंने पाकिस्तानी सेना के रक्तपात को समाप्त करने और नागरिकों की रक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की है। इस क्षेत्र में पाकिस्तान की सेना की निर्मम कार्रवाई में सैकड़ों लोगों के मारे जाने और घायल होने के बीच ये अपील की गई है।

इस क्षेत्र में सख्त नाकाबंदी, कर्फ्यू और संचार व्यवस्थाएं पूरी तरह ठप पड़ी हुई हैं। सांसदों ने कहा कि पीओजेके में हालात सामान्य करने, जवाबदेही तय करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए निरंतर अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से पाकिस्तान के अधिकारियों पर मनमानी गिरफ्तारियों को बंद करने, उचित कानूनी प्रक्रिया और कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच सुनिश्चित करने की अपील की। सांसदों ने क्षेत्र में स्वतंत्र मानवाधिकार पर्यवेक्षकों की उचित पहुंच की सुविधा प्रदान करने की भी अपील की है।

कैलिफोर्निया में 8 नवंबर को 'दिवाली दिवस' की मान्यता

एजेंसी | कैलिफोर्निया

अमेरिका की कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली ने इस वर्ष 8 नवंबर को 'दिवाली दिवस' के रूप में मान्यता देने वाला प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव में राज्य के लोगों से दिवाली के उत्सव में शामिल होने और इसके सांस्कृतिक महत्व को समझने की अपील की गई है। प्रस्ताव में कैलिफोर्निया और दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी तथा भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यह लोगों को कठिनाइयों पर विजय पाने, सकारात्मकता अपनाने तथा विनम्र बने रहने का संदेश देती है। कैलिफोर्निया में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं और दिवाली वहां प्रमुख सांस्कृतिक उत्सवों में शामिल होती जा रही है।